# कानस ग्राम से सटे जंगल में मिला अधेड़ व्यक्ति का शव


**पुष्कर,** (निसं)। तीर्थ नगरी पुष्कर के निकटवर्ती ग्राम कानस ग्राम पंचायत के सटे जंगल में एक अधेड़ की लाश मिलने से सनसनी फैल गइ।

मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी सहित पुष्कर पुलिस थाना तुरंत प्रभाव से मौके

- **हत्या कर शव झाड़ियों में पटक गए**
- **पुलिस कर रही है मामले की जांच**

पर पहुंच गए। इस दौरान ग्रामीणों की भी काफी भीड़ लग गई जानकारी के अनुसार अज्ञात अधेड़ अधेड़ का शव नेशनल हाइवे 89 से 100 मीटर की दूरी पर झाड़ीयो में पड़ा हुआ मिला। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

पुलिस मामले की जानकारी मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंची ओर देखा तो शव पर गहरे चोट के निशान है और अधेड़ की उम्र 50 से 60 वर्ष के बीच बताई जाती है तुरन्त मौके पर एफएसएल की टीम को बुलाया गया। सीओ ग्रामीण और थानाधिकारी महावीर शर्मा मौके पर पहुंच गए प्रथम दृष्टया अधेड़ की हत्या कर शव को जंगल मे फेंके जाने की बात सामने आ रही है। फिलहाल पुलिस ने शव को पुष्कर अस्पताल के चीरघर में रखवा कर अधेड़ की शिनाख्त में जुट गई है। इस दौरान पुलिस ने आसपास के सभी सीसीटीवी कैमरे को खंगाला आसपास के लोगों से पूछताछ की फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुष्कर थाने के सब इंस्पेक्टर भोपाल राम ने बताया की वृद्ध के शरीर पर दिखी चोट से लगता है की व्यक्ति की हत्या की गयी है।



**कानस ग्राम से सटे जंगल में अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फेल गई।**

## चार तस्करों को 10 साल की सजा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। एनडीपीएस कोर्ट ने 6 साल पुराने तस्करी के मामले में सजा सुनाते हुए चार तस्करों को 10-10 साल की कैद और 1-1 लाख रुपए के आर्थिक दंड की सजा सुनाई है। मामले में तस्करों के खिलाफ इन 6 सालों में 10 गवाह पेश किए गए। साथ ही 107 दस्तावेज पेश किए गए है। जिसके बाद तस्करों को सजा सुनाई गई है।

लोक अभियोजक कैलाशचंद्र चौधरी ने बताया कि जिला एनडीपीएस न्यायाधीश ब्रजमाधुरी शर्मा ने परोली निवासी शंकरलाल पुत्र रामकिशन खाती, नागौर के जसवंताबाद निवासी सुवालाल पुत्र मांगीलाल वैष्णव, पाली जिले के उड़ा बास निवासी भगवान पुत्र श्रवण राम देवासी व रामु का बास निवासी कालू दास पुत्र तुलसी दास वैष्णव को तस्करी के मामले में सजा सुनाई है।

उन्होंने बताया कि बीगोद थाने तत्कालीन थाना प्रभारी महावीरप्रसाद मीणा ने 3 मई 2016 को मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई करने हुए भीरौच व बडलियास रास्ते पर एक संदिग्ध कार को रूकवाया था। कार की तलाशी लेने पर उसमें रखे पांच बोरों से 105 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया।

# महासतीजी हिरल प्रभाजी की दीक्षा का कार्यक्रम संपन्न

**अजमेर,** (कासं)। श्री जैन श्वेताम्बर संस्था आनासागर सरक्यूलर रोड ओसवाल भवन, पार्श्वनाथ कॉलोनी, वैशालीनगर अजमेर में मरुधर मणि पूज्या गुरुवर्या महासतीजी श्री जैन मतीजी म. सा. की सुशिष्या जिन शासन प्रभाविका मरुधरा ज्योति महासतीजी श्री इन्दुप्रभाजी म. सा. के पावन सान्निध्य में पुष्कर में दीक्षित महासतीजी हिरलप्रभाजी की बड़ी दीक्षा का कार्यक्रम शुक्रवार आनंद पूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुये अध्यक्ष पुखराज पोखरणा व सचिव पीएम जैन डोसी ने बताया कि हिरलप्रभाजी म सा की दीक्षा पुष्कर में 6 मई को जैन मुनि प्रवर्तक सुकमुनि महाराज व साध्वियों के सानिध्य में हजारो श्रावक श्राविकाओं की मौजूदगी में यह दीक्षा का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। आयोजन की इसी कडी में बडी दीक्षा का शौभाग्य श्री जैन श्वेताम्बर संस्था आनासागर सरक्यूलर रोड पार्श्वनाथ कॉलोनी को प्राप्त हुआ था। बडी दीक्षा की इसी कडी में शुक्रवार को दीक्षा के लाभार्थी बुधराज झामड परिवार द्वारा महासति हिरलप्रभा जी म सा की गोद भराई की रस्म अदा की गई। के बाद जुलूस के रूप में स्थानक भवन पर पहुंचे, जहां इसके पश्चायत हजारो श्रावक श्राविकाओं की मौजूदगी में उपपर्वतक श्री विनय मुनि जी म सा के सानिध्य में बडी दीक्षा का पाठ करवाया गया।

बडी दीक्षा के पावन पर्व पर गौतम मुनि म सा ने समारोह में उपस्थिति श्रावक -श्राविकाओं को दीक्षा का महत्व समझाया तथा जैन समाज में तप त्याग तथा अंहिसा परमो धर्म के मार्ग पर चलने के महत्व के पर प्रकाश डाला।इसके साथ ही गौतम मुनि ने अपने संबोधन में दीक्षार्थी परिवार का भी आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उन्होने अपने जीगर के टुकडे को समाज की सेवा के लिये समर्पित किया है। इसके बाद ही महासति हिरलप्रभा जी म सा ने भी अपने उद्बोधन में श्रीइन्द्र प्रभा जी म सा का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उनकी प्रेरणा स्वरूप ही उन्होंने मौक्ष का मार्ग चुनने की प्रेरणा मिली।

## ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर 17 से

**अजमेर,** (कासं)। शहीद अविनाश महेश्वरी विद्यालय भगवान गंज, अजमेर में संस्कार भारती अजयमेरु की ओर से 17 मई 2022 से 23 मई 2022 तक प्रात: 10 से 11 बजे तक सात दिवसीय रंगोली मांडना निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन लोक कलाकार अलका शर्मा के प्रशिक्षण द्वारा दिया जाएगा।

संस्था प्रसार प्रचार प्रमुख महेंद्र जैन मित्तल ने बताया कि एचकेएच स्कूल वैशाली नगर में संस्कार भारती अजय मेरु की ओर से 17 मई 2022 से 31 मई 2022 तक साय 5:00 से 7:00 तक पंद्रह दिवसीय राजस्थानी लोक नृत्य प्रशिक्षण शिविर सशुल्क 100 रुपए राशि मात्र प्रसिद्ध लोक कलाकार अशोक शर्मा द्वारा दिया जाएगा दोनों प्रशिक्षण शिविरों मैं सभी आयु के बच्चे महिला व पुरुष भाग ले सकते हैं।

## संक्षिप्त

### तीन सत्र में होगा सम्मेलन

**अजमेर,** (कासं)। लायंस क्लब इंटरनेशनल के प्रांत 3233 ई 2 का 5वां वार्षिक प्रांतीय सम्मेलन ङउत्थानङ 15 मई को उदयपुर में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में प्रात: 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। प्रांतीय पीआरओ एमजेएफ लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि लायंस कूब उदयपुर लेकसिटी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन की अध्यक्षता प्रान्तपाल लायन संजय भंडारी करेंगे । प्रात: 8.30 से 10 फ़ेलोशिप,10 से 12.40 उद्धघाटन सत्र, द्वितीय सत्र अपराह्न 12.40 से 1.30, तृतीय सत्र 3 से 5 बजे तक होगा । कार्यक्रम संयोजक लायन प्रमोद चौधरी ने बताया कि सम्मेलन के मुख्य वक्ता पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन संजय खेतान, नेपाल एवम मुख्य अतिथि इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन वी के लाडिया होंगे। प्रांतीय सचिव लायन जितेंद्र सिसोसिया ने बताया कि तालमेल से सफलता मुस्कराहट के साथ कि थीम पर आयोजित होने वाले इस प्रांतीय सम्मेलन में 1200 लायन सदस्य भाग लेंगे।

### भाजपा एसटी मोर्चा का प्रदर्शन

**भीलवाड़ा।** राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ीलाल मीणा को सरकार द्वारा प्रताड़ित करने व आदिवासी समाज के साथ हो रहे अत्याचार के विरोध में भाजपा एसटी मोर्चा की ओर से शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट के बाहर सीएम अशोक गहलोत का पुतला फूंक प्रदर्शन किया गया। इसके बाद राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया भाजपा एसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेंद्र मीणा ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय नेता और सांसद डॉ. किरोड़ीलाल मीणा को सरकार द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। वे कहीं भी जाते हैं तो पुलिस उनके आगे-पीछे घूमती है। वे कहीं भी जाते हैं तो पुलिस उनके पीछे लगी रहती है। उन्होंने कहा कि किरोड़ीलाल मीणा ने रीट मामले को पूरी तरह उजागर किया।

### परशुराम लक्ष्मण संवाद का मंचन

**ब्यावर** (निस) श्री परशुराम भगवान ध्यान लगाकर बैठे रहते हैं तभी कुछ टूटने की तेज़ आवाज सुनाई पड़ती है जिससे उनका ध्यान भंग हो जाता है। परशुराम भगवान जनकपुर पहुँचते हैं ओर स्वयंवर में शिव धनुष खण्डित हुआ उन्हें मिलता है तो क्रोध से आग बबूला हो जाते हैं। इस पर लक्ष्मण जी और परशुराम भगवान का संवाद होता है जिसे देख दर्शक आनंदित हो जाते हैं। वस्तुत:भगवान परशुराम स्वयं विष्णु अवतारी थे सारंग पिनाक धनुष भगवान राम को ही देना था इसी लिए सारी लीलाएं की जा रही थी।इसके तत्पश्चात वैदिक मंत्रों द्वारा भगवान राम और सीता का विवाह का मंचन किया गया।

### अन्तराष्ट्रीय नर्सेज दिवस मनाया

**अजमेर,** (कासं)। अन्तराष्ट्रीय नर्सेज दिवस के उपलक्ष में यूपीएचसी गढी मालियान में स्थानीय पार्षद महेन्द्र राव व उनकी टीम द्वारा अस्पताल में नर्सेज दिवस मनाया गया तथा अस्पताल में मौजूद स्टाफ एनएचएम 2016 अजमेर अध्यक्ष सिद्धार्थ कुमार बोहरा एवं एएनएम हेमलता व बीना ग्वाला का माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर नर्सेज का सम्मान किया गया।

## धर्म के साथ शिक्षा का प्रसार जरूरी : खेमाराम यादव

**अराई** (निसं)। सांदोलिया ग्राम में बैरवा मोहल्ले में बाबा रामदेव मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकम के मुख्यअतिथि उपखण्ड अधिकारी खेमाराम यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि धर्म की स्थापना के साथ साथ समाज के लोगों को शिक्षा पर भी जोर देना आवश्यक है।

उन्होने बताया कि धर्म को जानने एवं पढने के लिए शिक्षित होना अतिआवश्यक है। उन्होने बैरवा समाज के लोगों को बच्चों को शिक्षित करने एवं शिक्षा के क्षेत्र में आगे लाने का आव्हान किया। कार्यक्रम में तहसीलदार हनुमान प्रसाद बैरवा ने बताया कि बाबा भीमराव अम्डेकर शिक्षा के बल ही भारत रत्न हुए। शिक्षा को बढावा देना हम सब का नैतिक दायित्व है। कार्यक्रम में विकास अधिकारी पुरषोत्तम लाल शर्मा, सरपंच प्रेम देवी चांगल, सामाजिक कार्यकर्ता रामराज चांगल, भगवन्तपुरा सरपंच काली रामसिंह चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश कलवार, हनुमान प्रसाद रवि जोशी, कैलाश राव, रधुनाथ बैरवा, गजमल बैरवा सहित समाज के लोग मोजूद थे।

कार्यक्रम में महिलाओं ने कलश यात्रा भी निकाली बैरवा बस्ती में विधि विधान से बाबा रामदेव, शिवपंचायत की प्राण प्रतिष्ठा की गई। कार्यक्रम में विधायक सुरेश टांक ने दूरभाष पर सांदोलिया में बाबा रामदेव मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा में पांच लाख रूपये से बैरवा सामुदायिक भवन के उपर एवं हॉल एवं एक हेण्डपम्प लगाने की घोषणा करी।

# डॉ. लाल थदानी को अंतरराष्ट्रीय काव्य रत्न सम्मान मिला

**अजमेर,** (कासं)। अंतरराष्ट्रीय शब्द सृजन के बैनर तले 15 मई को हिंदी भवन दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय काव्य ग्रन्थ 'भारत के भारत रत्न' का भव्य लोकार्पण समारोह में कालजयी ग्रन्थ के सहभागी रचनाकार कवि राजस्थान सिन्धी अकादमी के पूर्व अध्यक्ष डॉ लाल थदानी को अंतरराष्ट्रीय काव्य रत्न सम्मान से अलंकृत किया जाएगा।

देश विदेश से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त साहित्यिक सामाजिक एवं राजनैतिक अतिथियों की उपस्थिति में काव्य ग्रन्थ 'भारत के भारत रत्न' का लोकार्पण होगा। इसका सम्पादन एवं संकलन की भूमिका अंतरराष्ट्रीय शब्द सृजन के अध्यक्ष डॉ राजीव कुमार पाण्डेय एवं महासचिव ओंकार त्रिपाठी ने निभाई है।देश के लब्ध प्रतिष्ठित निकष प्रकाशन दिल्ली ने इसे प्रकाशित किया है।

अंतर्राष्ट्रीय शब्द सृजन संस्था द्वारा भारत रत्न अंतरराष्ट्रीय- काव्य महोत्सव गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है जिसमें 301 कवियों ने भारत रत्न विजेताओं पर सृजित कविताओं को देश विदेश के 301 कवियों द्वारा बारह घण्टों में ऑनलाइन लाइव काव्य पाठ कराकर इतिहास बनाया है।अजमेर से राजस्थान सिंधी अकादमी के पूर्व अध्यक्ष डॉ लाल थदानी ने गत वर्ष माह नवंबर में सितार वादक पंडित रविशंकर पर काव्य पाठ किया था। देश विदेश के चयनित 215 कवियों की रचनाओं को काव्य ग्रंथ में स्थान दिया गया है।

देश के जाने माने मूर्धन्य साहित्यकार पद्मश्री डॉ श्याम सिंह शशि, भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय में हिंदी के सलाहकार डॉ हरि सिंह पाल, हिंदी अकादमी दिल्ली के सचिव डॉ जीतन राम भट्ट, राष्ट्रीय चिंतक और सुदर्शन न्यूज़ के सी ई ओ सुरेश चव्हाणके, देश की जानी मानी वरिष्ठ कवयित्री डॉ इंदिरा मोहन विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे।



**डॉ. लाल थदानी**

डॉ लाल थदानी, वरिष्ठ जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ चिकित्सक के साथ-साथ संगीत और साहित्य में उल्लेखनीय उपस्थिति दर्ज की है। उन्हें कोरोना वॉरियर्स के रूप में जिला प्रशासन और नगर निगम अजमेर को गत वर्ष सार्वजनिक अभिनंदन किया गया तथा चिकित्सा और समाज सेवा क्षेत्र में विजय श्री अवार्ड रेड एंड व्हाइट ब्रेवरी अवार्ड तथा मदर टेरेसा समाज सेवा अवार्ड, प्रशासन और राज्य सरकार अंतरराष्ट्रीय साहित्य परिषद स्टोरी मिरर अजय मेरु प्रेस कूब, अजमेर लेखिका मंच, मां शकुंतला देवी साहित्य मंच द्वारा अनेकों बार सम्मानित किए जा चुके हैं। उनकी अंग्रेजी, हिन्दी और विभिन्न साहित्यिक मंचों पर अल्फ़ाज़ दिलसे पर करीब 300 से ऊपर ग़ज़लें और कविताएं तथा डेली कोट्स 700 से ऊपर लिख चुके हैं। अखबारों में 40 से ऊपर चिकित्सा, सामाजिक बिंदुओं पर लेख प्रकाशित हुए हैं। स्टार मेकर पर दो पर 400 से ऊपर गाने हैं। कोरोना पर 'चल अकेला' की धुन पर लिखा और गाया तथा' कब तक अंधेरे मन को छलेंगे' बेहद लोकप्रिय गानों में है। बेटी की विदाई पर इनका खुद का लिखा और गाया ' लाडली मेरी लाडली' यू ट्यूब पर है।

डा. लाल थदानी वर्तमान में प्रिंसिपल चीफ मेडिकल ऑफिसर पुलिस लाइन डिस्पेंसरी अजमेर में कार्यरत है। इससे पूर्व उप मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी पद पर 2008 से 2017, संयुक्त निदेशक मुख्यालय जयपुर 2020, उप अधीक्षक जेएलएन हॉस्पिटल 2020-21 पदस्थापित रहे।

## कांस्टेबल भर्ती लिखित परीक्षा शुरू

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती लिखित परीक्षा शुक्रवार को प्रदेशभर में शुरू हुई। अजमेर में बनाए गए 28 सेंटर पर परीक्षाथिर्यों को दो घंटे पहले प्रवेश दिया। पहले दिन की कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह 9 बजे से शुरू हुई परीक्षा जो शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा का आयोजन चार दिनों तक आठ पारियों में किया जाएगा। पुलिस और प्रशासन के बीच हुई बैठकों का ही नतीजा रहा कि परीक्षाथिर्यों को कोई मशक्कत नहीं करनी पड़ी। पुलिस प्रशासन परीक्षा के लिए मुस्तैद नजर आया। चार दिनों तक आठ पारियों में संचालित होने वाली राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती लिखित परीक्षा का पहला दिन शुक्रवार को शांतिपूर्ण गुजरा। जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के नेतृत्व में जिला प्रशासन व अन्य प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों के साथ की गई बैठकों का नतीजा रहा कि प्रदेशभर से परीक्षा देने अजमेर पहुंचे परीक्षाथिर्यों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा सभी जगह सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे। परीक्षाथिर्यों के लिए पुलिस व जिला प्रशासन द्वारा सभी सुविधाएं भी मुहैया कराई गई।

# जिला प्रभारी मंत्री को दिखाए काले झंडे

**नागौर।** जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव का शुक्रवार को नागौर शहर स्थित कलेक्ट्रेट के बाहर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व आर एल पी नेता सुरेंद्र दौतड़ व छात्र नेता वासुदेव बांता ने काले झंडे दिखाकर विरोध किया। मंत्री यादव जैसे ही कलेक्ट्रेट सभागार में मीटिंग पूरी कर बाहर निकल कर अपनी गाड़ी में बैठे, यहां पहले से इंतजार कर रहे दौतड़ व बांता ने उन्हें रोककर बीआर मिर्धा राजकीय कॉलेज में विभिन्न विषयों के पीजी कोर्स शुरू करने सहित कॉलेज में विश्वविद्यालय का सहायक केन्द्र व महिला छात्रावास में पुस्तकालय खोलने की मांग बताई और इसे पूरा नहीं करने पर उनके विरोध की चेतावनी भी दे दी।

दौतड़ व बांता के इरादे भांपते हुए पुलिसकर्मियों ने उन्हें हटाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक उन्होंने जेब से काले झंडे निकालकर मंत्री यादव के सामने लहरा दिए। इतना ही नहीं गाड़ी के सामने आकर रास्ता भी रोक लिया। पुलिस ने जैसे-तैसे उन्हें काबू किया। फिलहाल दोनों को शांतिभंग में गिरफ्तार कर कोतवाली थाने ले जाया गया है।

दरअसल नागौर शहर स्थित बीआर मिर्धा राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न विषयों के पीजी कोर्स शुरू करने सहित कॉलेज में विश्वविद्यालय का सहायक केन्द्र व महिला छात्रावास में पुस्तकालय खोलने की मांग को लेकर पिछले दिनों स्टूडेंट लीडर वासुदेव बांता अनशन पर बैठे थे। इसके बाद 2 बार वासुदेव बांता की तबियत भी बिगड़ी। बावजूद इसके प्रभारी मंत्री ने उनकी मांगों को नहीं माना और सरकार ने भी कोई सुनवाई नहीं की। इससे छात्रों में गहरा आक्रोश था और वो प्रभारी मंत्री यादव का नागौर में विरोध करने की चेतावनी भी दे रहे थे। इसी के चलते पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष व आरएलपी नेता दौतड़ व छात्र नेता बांता शुक्रवार को कुछ स्टूडेंट्स के साथ नागौर दौरे पर आए जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव से मिलने कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां मीटिंग खत्म कर बाहर निकले प्रभारी मंत्री यादव से मुलाकात कर पहले उन्हें अपनी मांगे बताई गई और इन मांगों को पूरा नहीं किये जाने पर विरोध प्रदर्शन की चेतावनी भी दी गई। इसके बाद मंत्री यादव की गाड़ी का रास्ता रोककर उन्हें काले झंडे भी दिखाए गए।

# अपराधियो का संरक्षण बंद करे सरकार : भदेल

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर दक्षिण विधायक एवं प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अनिता भदेल ने राजस्थान सरकार के ग्रह विभाग द्वारा 12 मई को निकाले आदेश की निंदा करते हुए कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार की प्रवर्ती अपराधियो को संरक्षण देने की रही है।

12 मई को सरकार के गृह विभाग द्वारा निकाला गया यह आदेश पुख्ता सबूत है। कांग्रेस सरकार ने अपराधियो को संरक्षण ओर प्रोत्साहन देने के लिए जन भावना के विपरित जाकर असामाजिक तत्वों को लुभाने के लिए ऐसे दुर्भाग्यपूर्ण आदेश निकाला है। इन आदेश के तहत् एक साल तक कि सजा के प्रवधान वाले सभी अपराधियो के वाद न्यायालय से वापस लेने का फैसला लिया गया है। सरकार के इस फैसले से पूरे प्रदेश में रोष व्याप्त है। इन आदेश से असामाजिक तत्वों को बढ़ावा मिलेगा, भूमाफियाओं द्वारा जमीनो पर कब्जा करने, चोरो द्वारा चोरी की वारदत करने, सट्टे के अवैध कार्य में लगे व अवैध शराब के कारोबारियो को ऐसे अपराध करने की एक प्रकार से छूट मिल गई है। ओर वे अब इन कायी को ओर अधिक करने में सलक्त होंगे, इससे गुढागर्दी ओर बढेगी। असामाजिक तत्वो का ऐसे आदेशो से अपराध करने के हौंसले ओर बुलंद होंगे, सरकार के इन आदेशो से जनता में असुरक्षा का भय व्याप्त है। जो लोगो ऐसे अपराधो से पीडित है उनको न्याय नही मिल पायेगा।

न्याय प्रणाली में हस्तक्षेप करना वैसे कांग्रेस की पुरानी आदत है। भारतीय लोकतंत्र के चार स्तम्भ है, कांग्रेस सरकार तानाशाही रवैया अपनाकर लोगो के मूल अधिकारों में अतिक्रमण कर रही है। जिससे लोकतत्र तार-तार हो रहा है। यह आदेश विधायिका का न्यायपालिका पर अतिक्रमण है। जिस जनता को सविधान में न्याय का अधिकार दिया है यह आदेश एक तरह से उस अधिकार को छीनता है। भदेल ने कहा कि कांग्रेस के वादे केवल घोषणा पत्रों ओर कागजो तक सीमित है। सरकार द्वारा निकाला गया यह आदेश हकीकत में राजस्थान के कुशासन ओर कुप्रवधन का प्रतिक है।

## सार-समाचार

### राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए दो बेंच गठित

**अजमेर,** (कासं)। राजस्व मंडल अजमेर के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह के निर्देशानुसार शनिवार, 14 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत राजस्व प्रकरणों के निस्तारण को लेकर राजस्व मंडल के स्तर पर दो बेंचों का गठन किया गया है। लोक अदालत में विचारण के लिये राजस्व मंडल के 1060 प्रकरणों को सूचीबद्ध किया गया है। राजस्व मंडल की ओर से इन प्रकरणों की प्री काउन्सिलिंग की कार्यवाही भी करवायी गई। मंडल के अतिरिक्त निबंधक भंवर सिंह सांदू ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजमेर के सचिव द्वारा मंडल अध्यक्ष के परामर्श एवं अनुमोदन उपरांत लोक अदालत के लिए बेंचों के गठन संबंधी आदेश जारी किए गए हैं। लोक अदालत की कार्यवाही 14 मई, शनिवार की सुबह 10 बजे से आरंभ होकर प्रकरणों के निस्तारण या कार्यालय समय पूर्ण होने तक जारी रहेगी। मंडल के स्तर पर लोक अदालत बेंच संख्या एक में राजस्व मंडल के सदस्य अविनाश चौधरी को न्यायिक अधिकारी व वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद शर्मा को बतौर सदस्य लगाया गया है। इसी प्रकार लोक अदालत के लिए गठित बेंच संख्या दो के लिये सेवानिवृत्त न्यायाधीश हरिसिंह आसनानी को न्यायिक अधिकारी तथा वरिष्ठ अधिवक्ता दिलीप सिंह राठौड़ को बतौर सदस्य मनोनीत किया गया है। सभी अधिवक्ताओं से अधिकाधिक प्रकरणों के निस्तारण में उनके सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा की गई है।

### मुख्यमंत्री का आभार

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश मुख्य प्रशिक्षक पूर्व पार्षद शैलेन्द्र अग्रवाल ने गौशालाओं को अब साल में 6 महीने की जगह 9 महीने का सरकारी अनुदान देने की घोषणा के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार व्यक्त किया है। शैलेन्द्र अग्रवाल ने प्रदेश सरकार द्वारा 1.56 करोड़ रुपये के अनुदान से प्रत्येक ब्लॉक में खोली जा रही नन्दी गौशालाओं, 1 करोड़ रुपये के अनुदान से सभी ग्राम पंचायतों में सामाजिक संगठनों के सहयोग से गौशालाएं खोलने, गौवंश का संवर्द्धन करने, गौशालाएं खोलने में आने वाली सभी प्रकार की अड़चनों को दूर करने और गोचर भूमि का संरक्षण करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराने, मुख्यमंत्री पशुधन नि:शुल्क दवा योजना के अन्तर्गत सरकार द्वारा पशुओं के लिए भी नि:शुल्क दवा उपलब्ध करा रही है जिससे उनके उपचार में सुविधा हो आदि सभी गौसेवा के कार्यों के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व गौपालन मंत्री श्री प्रमोद जैन भाया का आभार व्यक्त किया है। शैलेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि शीघ्र ही एक प्रतिनिधि मंडल जयपुर जाकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व गौपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया का अभिनंदन करेगा।

### मामा की शादी में आई युवती से गैंगरेप

**भीलवाड़ा।** जिले के जहाजपुर थाना क्षेत्र में शादी में शामिल होने आई एक युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया है। घटना 9 मई की बताई जा रही है। बदमाशों ने रेप कर वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर डाल दिया। दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जहाजपुर थाना प्रभारी राजकुमार नायक ने बताया कि थाना इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी भांजी के साथ गैंगरेप होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया है कि उसकी भांजी ननिहाल में छोटे मामा की शादी में आई हुई थी। 9 मई की रात को वह घर के पीछे शौच के लिए गई थी। इस दौरान संजय मीणा और शिवराज मीणा नाम के युवक ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ गैंगरेप किया। रेप करने के साथ ही आरोपियों ने इस पूरी घटना का वीडियो भी बना दिया। इस वीडियो के कुछ भाग आरोपियों ने वायरल भी किए। पुलिस ने मामा की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया है। इस घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहे है। वहीं इस पूरे मामले की जांच जहाजपुर सीओ महावीर शर्मा द्वारा की जा रही है।

### प्रभारी मंत्री ने समीक्षा बैठक ली

**नागौर।** राज्य सरकार की मंशा है कि राज्य के हर पात्र को जनकल्याण कारी योजनाओं का लाभ मिले, सभी अधिकारी सरकार की मंशानुरूप आमजन को लाभान्वित कर योजनाओं की सफल क्रियान्विति करना सुनिश्चित करें। ये बात राज्य के उच्च शिक्षा विभाग, आयोजना(जनशक्ति), भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, स्टेट मोटर गैराज विभाग (स्वतंत्र प्रभार), गृह और न्याय विभाग राज्य मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने कही, वे शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।

# सम्राट पृथ्वीराज चौहान जयंती पर विद्यार्थियों ने चित्र उकेरे

**अजमेर।** देश की एकता एवं अखण्डता की रक्षार्थ अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर शिरोमणी सम्राट पृथ्वीराज चौहान की 856वीं जयन्ती व स्मारक के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष रंग भरो व गायन प्रतियोगिता नेक्स्ट होटल, दूसरी मंजिल, एच.के.एच. पब्लिक स्कूल, के सामने, वैशाली नगर, अजमेर में आयोजित की गई। जिसमे बच्चों ने देश भक्ति गीत गाकर सभी का मन मोह लिया व चित्र में रंग उकेर कर अपनी कला की प्रस्तुति दी।

सम्राट पृथ्वीराज चौहान देशभक्ति एकल गान प्रतियोगिता तीन वर्ग कक्षा 6 से 8 (कनिष्ठ वर्ग) में प्रथम भविष्य टल्यानी, द्वितीय अप्रीता व तृतीय स्थान पर मनवीर सोनेरी रही व वरिष्ठ वर्ग कक्षा 9 से 12 में प्रथम ध्रव सारडा द्वितीय तन्वी वैद्य व तृतीय स्थान पर वैष्णव जोशी व मधुश्री रहे। सम्राट पृथ्वीराज चौहान के राज्यभिषेक के रेखाचित्र में रंग भरो प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें शहर के विद्यालयों के बच्चों ने बढ-. चढ कर भाग लिया। सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्मारक की जानकारी पूर्व उप महापौर संपत सांखला ने दी।



**सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयन्ती पर चित्र भरो प्रतियोगिता आयोजित हुई।**

प्रतियोगिता व सम्राट पृथ्वीराज चौहान के जीवन से जुडी जानकारी प्रहलाद शर्मा ने व मंच संचालन शिव प्रसाद गौतम व महेन्द्र तीर्थानी ने किया। कार्यक्रम मे निर्णायक मंडल में काव्या मखवाना व सुरेश कुमार थे। विजेताओं की घोषणा चन्द्रभान प्रजापति ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में सम्राट पृथ्वीराज चौहान के चित्र के सामने रिदन व आरोही ने दीप प्रज्जवलित व माल्यर्पण से किया। एच.के.एच स्कूल, नेक्स्ट होटल व निर्णायकों व प्रतिभागियों को धन्यवाद कंवल प्रकाश किशनानी ने दिया।

प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्तर पर आये विजेताओं को 29 मई, 2022 को शाम 6 बजे सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्मारक पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रमाण-पत्र व पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। पुरस्कार भारत विकास परिषद की मुख्य शाखा अजमेर द्वारा दिए जाएगे। सभी कार्यक्रमों में नगर निगम, अजमेर, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर डेयरी, शोध केन्द्र, पयर्टन विभाग, व सम्राट पृथ्वीराज चौहान समारोह समिति का संयुक्त तत्वाधान रहता है।

प्रात: 6 बजे आनासागर सरक्यूलर रोड साइकिल वाला से प्रारम्भ होकर अरबन हाट, माकड़वाली चौराहा, अंध विद्यालय, माहेश्वरी पब्लिक स्कूल रीजनल कॉलेज, भगवान परशुराम चौराहा, मित्तल हॉस्पिटल, रामनगर, फायसागर रोड, रामप्रसाद घाट, सुभाष उद्यान, बजरंगगढ़ चौराहा होते हुए ऑनसागर सरक्यूलर रोड स्थित साइकिल वाला पर समाप्त होगी। साइकिल रैली में ड्रॉ द्वारा प्रथम तीन विजेताओं को हैलमेट एवं प्रथम 15 विजेताओं को टीशर्ट में रूप में पुरस्कृत किया जाएगा। साइकिल रैली में भाग लेने के लिए खिलाड़ी अपनी स्वयं की साइकिल साथ में लाएंगे।